Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 13 December 2020
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-12 Issue - 28

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

News of the Week स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 17 दिसंबर को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार कोरोना संक्रमितों की संख्या 99,56,557 हो गई है। अब तक 1,44,096 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में कुल 33,813 लोग ठीक हुए हैं।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
fnYyh&ejB ,Dlçl&os ij Vky lyktk dk fuek.k rt

पेज नंबर 7
Religious tourism has big potential to create jobs: Yogi

गाजियाबाद में एक जनवरी को लगाई जाएगी कोरोना वैक्सीन, तैयारी पूरी

दूसरी डोज लगेगी 29 जनवरी को, पहले चरण में 20456 स्वास्थ्य कर्मियों को लगाई जाएगी वैक्सीन

गाजियाबाद : जिले में कोविड–19 वैक्सीन पंद्रह दिन बाद यानी एक जनवरी को लगाई जाएगी। इसका माइक्रोप्लान जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि पहले चरण में 20,456 स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। मुरादनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत पांच सीएचसी और पांच निजी अस्पतालों के स्टाफ को भी पहले चरण में ही वैक्सीन लगाई जाएगी। वैक्सीन के दिसंबर माह के अंत में आने की संभावना है जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने वैक्सीन के टीकाकरण की प्रथम डोज एक जनवरी 2021 को लगाने की कार्य योजना तैयार कर ली है तथा वैक्सीन के टीकाकरण की दूसरी डोज 29 जनवरी 2021 को लगाने की कार्य योजना तैयार की गई है। वैक्सीन लगाने के लिए सुपरवाइजर, नोडल अधिकारी, वैक्सीनेटर, इंजेक्शन आदि का इंतजाम किए जाने का भी प्लान बना लिया गया है।

रेमडेसिवीर की आपूर्ति रूकी

कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज में प्रयोग हो रहे इंजेक्शन रेमडेसिवीर की आपूर्ति बंद होने से इलाज में परेशानी हो सकती है। अक्टूबर से लेकर नवंबर तक रेमडेसिवीर इंजेक्शन का लाखों रुपये बकाया है। कंपनी ने बिना भुगतान हुए इंजेक्शन की आपूर्ति करने से इंकार कर दिया है। इंजेक्शन का प्रयोग कोरोना मरीजों के फेफड़े में संक्रमण बढने के दौरान उस समय किया जाता है, जब सांस लेने में परेशानी होने लगती है। कंपनी ने 1290240 रुपये का भुगतान न होने से इंजेक्शन की आपूर्ति करने से इंकार कर दिया है।

वैक्सीन वैन की होगी व्यवस्था

कोविड वैक्सीन जिला वैक्सीन स्टोर से वैक्सीन बॉक्स में रखकर कोल्ड चेन प्वाइंट पर वैक्सीन वैन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। जहां वैक्सीन को मानक के अनुसार आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर (आइएलआर) में सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद कोल्ड चेन प्वाइंट से वैक्सीन को टीकाकरण स्थल को वितरित किया जाएगा। जहां लाभार्थियों का टीकाकरण किया जाएगा।

टीकाकरण के लिए 82 स्थल चिह्नित

पहले चरण में 20,456 स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण के लिए 82 स्थल चिह्नित किए गए हैं। इसके लिए तैयारी पूरी हो गई है। वैक्सीन के रखरखाव को लेकर भी उचित इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एक जिला स्तरीय वैक्सीन स्टोर एवं 29 ब्लॉक स्तरीय कोल्ड चेन प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। जिनमें रेनोवेशन का कार्य पूरा हो गया है। शासन से वैक्सीन सीधे एमएमजी अस्पताल स्थित जिला वैक्सीन स्टोर में आएगी। जहां उसे 225 लीटर क्षमता वाले रैफ्रिजरेटरों में निर्धारित तापमान में सुरक्षित रखा जाएगा। इसके साथ ही सभी कोल्ड चेन प्वाइंट में आइस लाइंड रेफ्रिजरेटर दिए गए हैं।

TIRUPATI EYE

निगम ने बनवाए पांच अस्थाई शेल्टर होम

गाजियाबाद : ठंड बढने लगी है। ऐसे में बेसहारों की मदद के लिए नगर निगम ने पांच अस्थाई शेल्टर होम बनवाए हैं, जबकि 13 शेल्टर होम पहले से ही बने हैं। वसुंधरा जोन में कौशांबी के पास, मोहननगर जोन में साहिबाबाद रेलवे स्टेशन रोड पर, कविनगर जोन में हापुड़ रोड पर और सिटी जोन में कोतवाली के पास अस्थाई शेल्टर होम बनाए गए हैं। शेल्टर होम पर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सैनिटाइजर, मास्क सहित अन्य सुविधाएं जरूरतमंदों को मुहैया करवाई जाएंगी। स्थाई शेल्टर होम में मनोरंजन के लिए टीवी की भी व्यवस्था की गई है। शेल्टर होम में रहने वालों को असुविधा न हो, इसकी देखरेख के लिए टीम बनाई गई है।

84 लोगों को जमा करना होगा एक शस्त्र लाइसेंस

गाजियाबाद : जिले में दो से अधिक शास्त्र लाइसेंस रखने वाले 84 लोगों को चिह्नित किया गया है। पुलिस दो से अधिक लाइसेंस को जमा कराएगी। आयुध अधिनियम 1959 और आयुध (संशोधन) अधिनियम 2019 में दी गयी व्यवस्था के तहत यह कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि उन्होंने जनपद में शस्त्र लाइसेंस की समीक्षा करने के निर्देश दिए थे। पूर्व से चलाए गए आपरेशन निहत्था के तहत ऐसे लाइसेंस धारक जिनके पास दो से अधिक शस्त्र हैं, उनको चिहिंत कर सूची तैयार की गई है। जनपद में 84 ऐसे शस्त्र लाइसेंस धारक मिले हैं, जिनके पास दो से अधिक लाइसेंस हैं।

BUREAU OFFICE
PRATEEK BHARGAVA
Bureau Chief
12/516, Friends Co-operative Society Vasundhra, Ghaziabad (UP)
Mobile +91 8130640011
Email : prateekb@tbcgzb.com
www.tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

गेट नंबर–एक का पुनर्निर्माण शुरू, गेट पर गमले रखकर बढ़ाई जाएगी हरियाली

साहिबाबाद सब्जी मंडी

साहिबाबाद : फल एवं सब्जी मंडी के गेट नंबर एक के सामने रैपिड रेल का काम चल रहा है। ऐसे में रास्ता को बंद है। मौका देख मंडी के गेट नंबर एक का पुनरू निर्माण शुरू कर दिया गया है। गेट पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली पेंटिंग भी बनाई जाएगी। साथ ही गेट के पास आकर्षक फूल व हरियाली वाले पौधे लगाए जाएंगे। साहिबाबाद सब्जी मंडी का गेट नंबर दो पहले से ही बना हुआ था लेकिन एक नंबर गेट जर्जर हो गया था। लंबे समय से गेट का पुनर्निर्माण रुका था। अब रैपिड रेल का काम शुरू हुआ तो मंडी का एक नंबर गेट बंद हो गया। मंडी में आने जाने वाले लोग गेट नंबर दो से आ–जा रहे हैं। यह मौका देख गेट का निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया है। इस बार गेट को और ज्यादा आकर्षक बनाया जाएगा। गेट को एक माह में बना दिया जाएगा। हालांकि गेट से आने जाने का रास्ता तभी खुलेगा जब रैपिड रेल का गेट के सामने चल रहा काम पूरा होगा। साहिबाबाद सब्जी मंडी सचिव विश्वेंद्र कुमार ने बताया कि गेट बनाने के बाद उस पर पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश देने वाली पेंटिंग बनवाई जाएगी। इसके साथ ही गेट के पास खाली जगह पर गमले रखे जाएंगे। साथ में डस्टबिन भी रखा जाएगा।

Five arrested for proxy appearance in competitive exams for govt jobs



GHAZIABAD: Five youths, including a BTech dropout, were arrested for appearing in central and state government competitive exams on behalf of the actual candidates on Monday from near Chipiyana Gate under Kotwali police station's jurisdiction. Police said the "solver" gang was headed by Rajnarayan Pratap Singh (27), a resident of Firozabad and a second-year BTech dropout from an institute in Bhopal. His aides were identified as Rajdeep (30), Rahul (28), Surendra (25), all residents of Firozabad and Kuldeep (21), a resident of Farrukhabad. They have been booked under IPC Sections 420 (cheating), 406 (criminal breach of trust), 467 (forgery of valuable security, will, etc), 468 (forgery for purpose of cheating) and 471 (whoever fraudulently or dishonestly uses as genuine). Police said that the gang targeted over 100 people and earned several crores in this manner. While Singh is wanted in a similar case registered against him in Agra since 2019, his aides had gone to jail for similar crimes in the past. SP (City) Abhishek Verma said that further investigation is on to check the veracity of mark sheets and other certificates recovered from them.

एक हजार चोरी कर चुका मुखलाल साथी संग गिरफ्तार, पुरानी करेंसी भी मिली

गाजियाबाद : पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 15 साल से सक्रिय कुख्यात चोर मुखलाल को नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को उसके साथी संग गिरफ्तार किया है। आरोपितों से 22 लाख रुपये और करीब 24 लाख रुपये के गहने बरामद हुए हैं। 10 दिन पूर्व ही यह माल दिल्ली गेट में रहने वाली मनीषा सिंघल के घर से चोरी किया था। राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने भी इस मामले में एसएसपी कलानिधि नैथानी से संपर्क कर जल्द पर्दाफाश की बात कही थी। पुलिस का दावा है कि मुखलाल ने एक हजार से भी अधिक चोरियों को अंजाम दिया है। वह गांजा तस्करी भी बड़े पैमाने पर करता है। एसपी सिटी प्रथम अभिषेक वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मुरादनगर निवासी मुखलाल और नूरनगर की झोपडियों में रहने वाले सलमान के रूप में हुई

है। इन्हें दारोगा विकास शर्मा व मनीष चौधरी की टीम ने गिरफ्तार किया है। मुखलाल अभी तक 17 बार गिरफ्तार हो चुका है। बीते साल कविनगर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर जेल भेजा था। लाकडाउन से ठीक पहले जेल से बाहर आए मुखलाल ने पांच दिसंबर की रात पीछे के रास्ते मनीषा सिंघल के घर में घुसकर 37 लाख रुपये और आधा किलो सोने व कुछ चांदी के गहने चोरी कर लिए थे। घटना के वक्त मनीषा बहन व मां के साथ जीजा के घर गोविंदपुरम गई थीं। चोर पुरानी करंसी के एक हजार व 500 के 5–5 नोट भी चोरी कर ले गए थे। इन्हें भी बरामद कर लिया है।

करोड़ों की संपत्ति इकट्ठी की

सीओ प्रथम अभय कुमार मिश्र ने बताया कि सूचना के आधार पर ही मुखलाल को गिरफ्तार किया गया है। चोरी के बाद उसने पूरा सामान मुरादनगर स्थित अपने घर में ही जमीन के तीन फीट नीचे दबा दिया था। यह उसका पुराना तरीका है। मुखलाल का नाम सामने आने के बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया। आरोपित मुखलाल 15 साल से चोरियां कर रहा है और बंद मकानों को ही निशाना बनाता है।

गिरोह में कई युवतियां भी शामिल

नगर कोतवाल संदीप सिंह ने बताया कि मुखलाल के गिरोह में कई युवतियां भी हैं। पूर्व में थाना कविनगर पुलिस ने उसे महिला साथियों संग भी गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपित के खिलाफ करीब 100 मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाल का कहना है कि अपराध से कमाई संपत्ति के दस्तावेज भी मिले हैं। आरोपित के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर यह संपत्ति जब्त कराई जाएगी।

डग्गामार बसें सीज

गाजियाबाद : डग्गामार बसों के खिलाफ मंगलवार को परिवहन व रोडवेज विभाग की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नौ बसों को सीज व दो बसों का चालान कर 1.25 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। चेकिंग अभियान का नेतृत्व गाजियाबाद के वरिष्ठ एआरटीओ प्रवर्तन राकेंद्र कुमार सिंह ने किया। मेरठ तिराहे, राजनगर एक्सटेंशन, साहिबाबाद, हापुड़ चुंगी व दिल्ली–मुरादाबाद व दिल्ली मेरठ मार्ग पर कई जगह चेकिंग की गई और अवैध रूप से दौड़ती बसों के खिलाफ उपरोक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान एआरएम साहिबाबाद बीपी अग्रवाल भी मौजूद रहे। वरिष्ठ एआरटीओ प्रवर्तन राकेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अवैध रूप से दौड़ती बसों के खिलाफ चेकिंग अभियान ऐसे ही जारी रहेगा।

छात्राओं को किया पुरस्कृत

गाजियाबाद : श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में चारों सदनों के सदस्यों का पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की हेड गर्ल मेघा सिंह ने नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलवाई। सभी सदनों के कैप्टन और वाइस कैप्टन को विद्यालय प्रबंधक अजय गोयल व प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने बधाई दी। साथ ही उन्हें उनके कर्तव्य के बारे में समझाया। इसके अलावा विद्यालय में अर्द्धवार्षिक परीक्षा में सेक्शन वाइज प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 80 छात्राओं को एक–एक हजार रुपये की धनराशि दी गई। पूनम शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल की तरह इस साल भी विद्यालय का अच्छा परीक्षा परिणाम रहा है। जो छात्राओं और शिक्षकों की मेहनत का नतीजा है। उम्मीद की जाती है कि आगे भी सफलता का सिलसिला जारी रहेगा।

दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर टोल प्लाजा का निर्माण तेज

रसूलपुर के पास होगा इंटरचेंज

दिल्ली से मेरठ की ओर जाने वाले वाहनों को पहले डासना से ईस्टर्न–पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पर भेजने की योजना है। ईपीई पर करीब चाल किलोमीटर तक चलने के बाद वाहनों को रसूलपुर के पास बनाए गए लूप के जरिए फिर से दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर लाया जाएगा।

गाजियाबाद : दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर टोल प्लाजा का निर्माण तेज कर दिया गया है। पांच दिन के भीतर कंट्रोल रूम का निर्माण लगभग पूरा कर दिया गया है। अब टोल प्लाजा की लेन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। दिल्ली से मेरठ आने–जाने वाले वाहनों से डासना से पहले बनाए जा रहे टोल प्लाजा से ही टोल वसूला जाएगा। इस एक्सप्रेस–वे को 31 दिसंबर को चालू करने की तैयारी चल रही है। वाहनों को कुछ दूर तक ईस्टर्न–पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पर ले जाकर फिर दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर दौड़ाने की योजना है। एक्सप्रेस वे चालू होते ही टोल वसूली भी शुरू हो जाएगी। एनएचएआइ द्वारा मुख्यालय को भेजे गए टोल वसूली के प्रस्ताव को मंजूरी के बाद जल्द ही जारी किया जा सकता है। यह प्रस्ताव नवंबर में बनाकर भेजा गया था। 1.65 रुपये प्रति किलोमीटर की दर को बेस रेट रखते हुए टोल वसूली का प्रस्ताव भेजा है। अंतिम टोल दरों की सूची जारी होने से पहले ठेका दिए जाने की भी तैयारी चल रही है। पता चला है कि एक्सप्रेस–वे को चालू होने पर लाल कुआं आरओबी, डासना में बन रहे 700 मीटर लंबे एलीवेटिड रोड और ईस्टर्न पेरीफिरल एक्सप्रेस वे इंटरचेंज का शुल्क नई दरों में फिलहाल नहीं जुड़ेगा। निर्माण पूरा होने पर शुल्क को जोड़ा जाएगा। चिपियाना आरओबी को छोड़ शेष निर्माण कार्य दो महीने में पूरे हो जाएंगे। इसके बाद अप्रैल में टोल दरों में फिर से संशोधन किया जाएगा है। टोल प्लाजा पर छह लेन का निर्माण कराया जा रहा है। कनौती डाल दी गई है। वाहन की नंबर प्लेट और फास्टैग के आधार पर टोल शुल्क खाते से कटेगा। अत्याधुनिक कैमरे टोल बूथ पर लगाए जाएंगे। एनएचएआइ के परियोजना निदेशक मुदित गर्ग ने बताया कि दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे को 31 दिसंबर तक वाहनों के लिए खोलने की योजना है। डासना एलिवेटिड रोड का निर्माण पूरा न होने की वजह से वाहनों का रूट यहां से डायवर्ट किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण स्तर पर इस पर मंथन किया जा रहा है। टोल प्लाजा का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। अतिरिक्त स्टाफ लगाया गया है।

बिजली विभाग के हेड कैशियर ने किया तीन करोड़ का गबन

गाजियाबाद : कोरोना संकटकाल में एक ओर जहां लोग कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जूझ रहे थे। वहीं, बिजली विभाग के एक हेड कैशियर ने विभाग को तीन करोड़ रुपये की चपत लगा दी। संदेह होने पर अधिशासी अभियंता की ओर से मामले की जांच की गई तो विभाग अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इस मामले में मंगलवार को आरोपी हेड कैशियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युत वितरण निगम सप्तम पटेलनगर गाजियाबाद में हेड कैशियर के पद पर तैनात सुमित गुप्ता शिशिर गुप्ता, 101 चौक खत्रियान शाखा की मेरठ पर 295,44,551 रुपये के गबन का मामला दर्ज कराया गया है। आरोप है कि कोरोना संकटकाल के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा जमा कराई गई हर माह बिजली बिल की राशि को पूरी जमा होना दिखाकर कागजों में गड़बड़ी

कर दी गई। इस मामले में संदेह होने पर विद्युत वितरण निगम सप्तम पटेलनगर के अधिशासी अभियंता एसपी सिंह की ओर से अकाउंट विभाग के अन्य कैशियर से जांच कराई, जिसमें करीब तीन करोड़ रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया। यह देखकर अधिकारियों के भी होश उड़ गए। मामले में आरोपी हेड कैशियर सुमित गुप्ता से मोबाइल पर बात की गई तो उसने पहले तो आनाकानी की, लेकिन बाद में उसने पैसा जमा कराने की बात कहकर बचने का प्रयास किया। अधिकारियों की माने तो मामले में आरोपी की ओर सोमवार को कुछ पैसा जमा कराने को कहा गया, लेकिन पैसा जमा न होने पर विद्युत अधिशासी अभियंता एसपी सिंह की ओर से सिहानी थाने में आरोपी हेड कैशियर सुमित गुप्ता के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज कराया गया है। बिजली विभाग के गबन के आरोपी हेड कैशियर सुमित गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य अभियंता आरके राणा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, अन्य की भी मामले में जांच की जा रही है। लेखा विभाग से बिलिंग का रुपया जमा होने के लिए आता है, जिसे हेड कैशियर की ओर से बैंक में जमा कराया जाता है, जो नहीं कराया गया। जुलाई से सितंबर तक के बैंक में जमा कराए गए कैश में मिले अंतर के बाद विद्युत लेखा विभाग से पूरे मामले की करीब चार दिन तक चली जांच के बाद करीब तीन करोड़ रुपये की हेराफेरी मिली।

ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण के लिए आयोजित किया गया कार्यक्रम

गाजियाबाद : इंद्रगढ़ी स्थित क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान में ग्राम प्रधानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को रजापुर व भोजपुर ब्लाक के ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को मुरादनगर व लोनी ब्लाक के ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य जनता की मंशा को जानकर क्षेत्र में विकास कार्य कराने का है। इसी के मद्देनजर सभी प्रशिक्षकों ने ग्राम प्रधानों से जनता की मंशा को जानने का प्रयास किया। ग्राम प्रधानों से उनके अब तक अनुभव के बारे मे बात कर पूछा गया कि प्रभावी ग्राम पंचायत विकास योजना कैसे बनाई जा सकती है। प्रशिक्षकों ने ग्राम प्रधानों के साथ दूसरे राज्यों के भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए वहां चलाई जा रही योजनाओं के बारे जानकारी दी। जागरूकता के साथ सहभागिता बढ़ाकर ग्राम पंचायतों को विकसित, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के टिप्स दिए गए। प्रशिक्षकों ने कहा कि विकास योजना मे जोखिम प्रबंधन का भी ध्यान रखना चाहिए। प्रशिक्षण संस्थान के उप–निदेशक डॉक्टर सौरभ राजपूत, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, गोपाल राय, जगवीर सिंह, हरि कृष्ण गुप्ता और मुनिबुर रहमान द्वारा ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया।

ट्रक चालकों से पार्किंग शुल्क के नाम पर वसूली, दो दबोचे

गाजियाबाद : कविनगर औद्योगिक क्षेत्र और लोहामंडी में नगर निगम की पार्किंग के नाम पर ट्रक चालकों से वसूली करने वाले दो ठगों को नगर निगम की टीम ने मंगलवार को दबोच लिया। दोनों के पास से नगर निगम गाजियाबाद के नाम से छपवाई गई कई पर्चियां मिली हैं। दोनों को थाना कविनगर पुलिस के हवाले कर नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी (सीटीओ) डॉ. संजीव सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ कविनगर अजय कुमार ने बताया कि आरोपितों की पहचान विजयनगर निवासी सुमित और रोशन के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। सीटीओ ने बताया कि

इस फर्जीवाड़े के बारे में करीब महीने भर पहले पता चला था, जब जाम ट्रकों के चलते औद्योगिक क्षेत्र में जाम लगने की सूचना मिली थी। ट्रकों को हटवाने के दौरान उन्होंने पर्ची दिखाई तो फर्जीवाड़े का पता चला। किसी के पास 60 रुपये तो किसी के पास 100 रुपये की पर्ची मिली। माल उतारने के बाद सड़क किनारे खड़े ट्रकों के चालकों को पार्किंग की पर्ची देकर वसूली करते थे। नहीं देने वालों को ट्रक सीज कराने की धमकी देते थे। सीटीओ ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र व लोहामंडी में नगर निगम ने पार्किंग का कोई ठेका नहीं दिया है। नगर निगम के नाम पर वसूली करने वालों का पता चला तो तुरंत टीम गठित कर इन्हें पकडने की योजना बनाई गई। सूत्रों की माने तो इस फर्जीवाड़े में निगम कर्मियों की भी मिलीभगत की आशंका है, क्योंकि एक महीने से प्रवर्तन दल की टीम लगी थीं, लेकिन हर बार आरोपित टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो जाते थे। सीटीओ का कहना है कि मंगलवार को लोहामंडी से सूचना मिली थी। पूरी गोपनीयता के साथ टीम को भेजकर आरोपितों को दबोच लिया। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपित बीते एक साल से फर्जीवाड़ा कर रहे थे।

गाजियाबाद कचहरी : चैंबर 1200, अधिवक्ता 4 हजार, कैसे चलेगा काम

गाजियाबाद : कचहरी में अधिवक्ताओं की संख्या के हिसाब से चैंबर काफी कम हैं। इसके चलते अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्हें परेशानी से निजात दिलाने के लिए सीबीआइ अदालत परिसर के पास बने नवनिर्मित चैंबरों को जल्द आवंटित कराया जाएगा। यह जानकारी गाजियाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुनीष त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गाजियाबाद कचहरी में करीब तीन हजार अधिवक्ता वकालत करते हैं लेकिन चैंबर मात्र 1200 हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं को काफी दिक्कत होती है। सीबीआइ अदालत परिसर के पास 24 चैंबर नए बनाए गए हैं। प्रशासन द्वारा इन चैंबरों का निर्माण कराया गया है। चैंबरों के आवंटन के लिए तीन सदस्यीय एक कमेटी बनी है। इसमें एक एडीएम, एक अपर जिला जज व बार अध्यक्ष शामिल हैं। बार अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही इस संबंध में बैठक कर चैंबर के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। प्रत्येक चैंबर चार अधिवक्ताओं को आवंटित किया जाएगा। इससे 96 अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था हो जाएगी। बार अध्यक्ष ने बताया कि अधिवक्ताओं की सहूलियत के लिए चैंबरों के निर्माण के लिए जिलाधिकारी के साथ जल्द बैठक की जाएगी।

हरनंदी नदी की देखरेख में जुटा सरकारी अमला

गाजियाबाद : हरनंदी नदी में बाढ़ की स्थिति से बचाव के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुट गया है। मंगलवार को विभिन्न विभागों के अफसरों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरनंदी नदी का इतिहास रहा है कि 50 साल बाद बाढ़ आती है। वर्ष 1978 में अंतिम बार बाढ़ आई थी। उससे पहले वर्ष 1930 में बाढ़ आई थी। हरनंदी नदी में अगर बाढ़ की स्थिति बनती है तो डूब क्षेत्र में बसी आबादी के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसे देखते हुए सभी संबंधित विभागों को बाढ़ से निपटने हेतु संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

लोनी में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर हो कार्रवाई

गाजियाबाद : जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार के नेतृत्व में जिला प्रोबेशन अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने लोनी क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रूप से संचालित किए जा रहे तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया। वहीं एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के कागजात जांच के लिए लिए गए। अधिकारियों ने आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। तहसीलदार प्रकाश सिंह ने बताया कि मंगलवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने क्षेत्र में संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिसपर मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार और जिला प्रोबेशन अधिकारी की संयुक्त टीम

ने क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर संचालित हाइटेक डायग्नोस्टिक सेंटर लक्ष्मी गार्डन, यशोदा पैथोलाजी लैब एंड डायग्नोस्टिक सेंटर लोनी, त्यागी डायग्नोस्टिक सेंटर रेलवे रोड लोनी और एम आर डायग्नोस्टिक सेंटर का औचक निरीक्षण किया। टीम ने निरीक्षण के दौरान हाइटेक डायग्नोस्टिक सेंटर लक्ष्मी गार्डन और यशोदा पैथोलाजी लैब एंड डायग्नोस्टिक सेंटर लोनी के संचालक द्वारा आवश्यक कागजात न दिखाए जाने पर सेंटर को सील कर दिया। वहीं त्यागी डायग्नोस्टिक सेंटर पर पीएनडीटी के नियमों का उल्लंघन किए जाने पर सेंटर को सील किया गया। इसके बाद टीम ने दिल्ली सहारनपुर मार्ग स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर पर पंजीकृत मशीन खराब मिली। जिसपर सेंटर संचालक ने नई मशीन की चलाने की अनुमित के अभिलेख प्रस्तुत किए।

नवोदय में प्रवेश के लिए 31 तक दाखिले का मौका

गाजियाबाद : जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब 31 दिसंबर तक दाखिले के लिए आवेदन किया जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही विद्यालय में बच्चों को कक्षा छह में दाखिला मिलेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी बृज भूषण चौधरी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई थी। कई अभिभावकों को जानकारी नहीं होने की वजह से आवेदन नहीं कर सके थे। अब 31 दिसंबर तक आवेदन तिथि बढने से उन अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी। दस अप्रैल को शनिवार के दिन 11:30 पर परीक्षा का आयोजन होगा। आवेदन व परीक्षा की तिथि में बदलाव होना भी संभव है इसके लिए जानकारी लेते रहना बेहतर होगा।

गंभीर बीमारी के चलते हुई 68 संक्रमितों की मौत, 40 थे मधुमेह से पीडित

गाजियाबाद : जिले में मरने वाले 98 कोरोना संक्रमितों के सापेक्ष 68 की मौत पहले से ही ग्रसित गंभीर बीमारियों के चलते हुई है। शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए गए मेडिकल आडिट में इसका पता चला है। मार्च से लेकर 14 दिसंबर तक हुई कोरोना संक्रमितों की मौत के कई अन्य कारणों की बारीकी से जांच की गई। इसमें पाया गया कि मधुमेह, सांस, अस्थमा, बीपी, किडनी फेल, हृदयरोग, थायराइड जैसी बीमारियों से पहले से ही ग्रसित अधिक लोगों की मौत हुई है। साथ ही उम्र एवं वजन भी अधिक पाया गया। मरने वालों में 35 लोग 60 से अधिक आयु वर्ग के थे। कोरोना की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आते ही हर व्यक्ति का तनाव बढ़ जाता है लेकिन सावधानी,सतर्कता और सही उपचार के चलते कोरोना को हराया जा सकता

है। कोविड एल–3 अस्पताल प्रभारी डा. मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना की जांच से बचने वाले गंभीर रोगियों को सांस लेने में परेशानी होने पर अस्पतालों में भर्ती कराया जाना भारी पड़ा है। जांच में पाया गया कि हालत खराब होने पर भी कोरोना संक्रमण के डर से बीमार व्यक्ति अस्पताल जाने से बचते रहे। गंभीर स्थिति होने पर अस्पताल पहुंचने पर जांच कराने पर रिपोर्ट पाजिटिव आई और वेंटिलेटर पर ले जाने से भी मरीज को बचाया नहीं जा सका। जांच में पाया गया कि पहले से किसी न किसी बीमारी से जूझ रहे अधिकांश बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को ही संक्रमित होने के बाद बचाया नहीं जा सका। कुछ युवा भी पहले से बीमार थे। 7 गर्भवती महिलाओं की भी पहले से बीमार होने के चलते संक्रमित होने के बाद मौत हो गई।

घर पहुंचे रैना के भाई

गाजियाबाद : क्रिकेटर सुरेश रैना के बड़े भाई दिनेश रैना निमोनिया की चपेट में आ गए थे, जो अहतियातन निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हुए थे। करीब तीन–चार दिन उपचार के बाद अस्पताल से उन्हें छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों के मुताबिक सभी रिपोर्ट नार्मल आने के बाद घर भेज दिया गया।

अवैध निर्माण कराने पर रिपोर्ट दर्ज

साहिबाबाद : आवास विकास परिषद की ओर से वसुंधरा सेक्टर–पांच में अवैध निर्माण कराने वाले आवंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवास विकास परिषद के अवर अभियंता डीपी सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि वसुंधरा सेक्टर–पांच स्थित भूखंड संख्या – 901 के आवंटी रजनीश त्यागी ने निर्माण प्रारंभ करने की सूचना अधिशासी अभियंता को नहीं दी। उनके द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। ध्वस्तीकरण का आदेश भी जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद आवंटी बलपूर्वक निर्माण कर रहे हैं। अब कई बिल्डरों पर एफआइआर की तैयारी की जा रही है। इंदिरापुरम थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि मामले में आवंटी रजनीश त्यागी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बिल्डरों पर की जा रही एफआइआर की तैयारी

आवास विकास परिषद ने वसुंधरा के करीब 30 प्लाटों की सूची तैयार की है। इन सभी प्लाटों पर अवैध निर्माण जारी है। इनके खिलाफ थाना इंदिरापुरम में शिकायत दी गई है। जल्द ही इन सभी बिल्डरों पर एफआइआर दर्ज की जाएगी। इनमें वसुंधरा सेक्टर एक, दो, तीन, पांच, 12 और 14 सेक्टरों में हुए अवैध निर्माण शामिल हैं।

EDITORIAL

Green over brown: On India's climate goals

India asserted at the virtual Climate Ambition Summit, co-convened by the UN to mark five years of the Paris Agreement, that it is well on its way to not just fulfilling its national pledge on emissions reduction, but exceeding the commitment. The performance, outlined by Prime Minister Narendra Modi, rests primarily on the estimated present reduction of emissions intensity by 21% over 2005 levels (the goal is between 33% and 35% of GDP by 2030), and the twin pillars of renewable energy and higher forest cover. Indeed, the Emissions Gap Report 2020 of the UNEP includes India among nine G20 members who are on track to achieve their unconditional commitments under the Paris pact, based on pre-COVID-19 projections. Significantly, the G20 bloc as a whole, responsible for 78% of greenhouse gas emissions (GHG), was not expected to meet its pledges, but some countries and the EU as a group announced higher ambition at the summit. The brief reduction in global GHG emissions brought about by the pandemic has given all countries an opportunity to review their development trajectories. The unprecedented event has enabled them to deploy an extraordinary fiscal stimulus for rehabilitation of economies — estimated at $12 trillion globally — making green growth a possibility. India faces a particular challenge, in moving its pandemic rehabilitation spending away from traditional brown sector policies aligned with fossil fuel use to green territory.

At the recent summit, Mr. Modi took credit for expansion of forests, which, according to the national pledge under the Paris Agreement, will serve as a carbon sink of 2.5 bn to 3 bn tonnes of carbon dioxide equivalent by 2030. This is a key goal, given that it has multiple benefits, protecting biodiversity, influencing the climate system and providing resources for communities. But it is fraught with uncertainty. The Centre has questioned the veracity of State afforestation data and said only a fourth of the claims they made were deemed credible. Clearly, without a cohesive policy on verifiable afforestation, the carbon sink approach may yield poor dividends, with questions hanging over the spending. Achieving 100 gigawatts of solar power capacity within the overall renewables goal, from 36 GW now, needs a steep scale-up that must actively promote rooftop solar installations. There is little evidence that this is a high priority for most States. Transport-related emissions, which are a major component of the whole, have risen sharply in the unlock phase of the pandemic as people prefer personal vehicles, but the issue received little support from States which failed to reorder cities for cycling and pedestrianisation. Large-scale agriculture insurance against climate disasters also needs attention. In the year that remains before countries meet at the UN Climate Change conference in Glasgow in 2021, India needs to focus on future emissions and plan green investments that qualify for global climate funding.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Man held in Ghaziabad for throwing acid at woman

GZB: A 26-year-old man who allegedly threw acid at a woman in Muradnagar on Saturday was later arrested. The accused, Sirajudin (26), from Meerut, is the woman's brother-in-law. Police said he was in a relationship with the 23-year-old. "The man wanted to marry her but her parents had fixed her marriage with someone else and recently, the victim had started avoiding the youth. This made Sirajudin angry," Iraj Raja, SP (rural) said. The woman is stable and is recuperating in a Delhi hospital.

बिजलीघर पर समर्थकों के साथ जमे रहे विधायक

मसूरी : विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धौलाना विधायक असलम चौधरी दूसरे दिन भी बिजलीघर पर समर्थकों के साथ जमे रहे। उन्होंने कहा सरकार उद्योगपतियों व पूंजीपतियों को बिजली बिलों में छूट दे रही है, जबकि आम उपभोक्ता महंगी बिजली बिलों की अदायगी के नाम पर छला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार बिजली बिल के ब्याज की छूट नहीं देती। तब तक कोई भी उपभोक्ता अपना बिल जमा न करें। इस दौरान आसपास के गांवों के उपभोक्ता मौजूद रहे।

Key underpass to ease Noida-GZB commute will miss 2020 deadline

NOIDA: The much-awaited underpass at Sector 51-52 and 71-72 intersection, which was planned to ease traffic from Wave City Centre metro station towards Noida Extension, will miss its December 2020 deadline. With over 80% of the work completed, it is now expected to be ready by January-end or early February next year. Covid lockdown and the recent National Green Tribunal (NGT) regulations on construction activities, including slow digging to avoid dust pollution, have been cited as reasons behind the slow pace of work. Mukesh Vaish, senior manager of Noida Authority, said that no work was carried out during the lockdown. "Later, NGT regulated the Graded Response Action Plan (GRAP)

and put further restrictions on construction activity to prevent dust and air pollution. Even now, we are working at a slow pace to prevent dust pollution. We also take breaks to regularly water the area as per the guidelines," he said. The 780-metre-long six lane underpass, which is being built by the Noida Authority at Rs 52.58 crore through its contractor M/s ITD Cementation India Ltd, was commissioned on June 14 last year. "We have used push box technique to build this underpass. The intersection will benefit the commuters immensely once it's ready and opened for public," said Rajeev Tyagi, the general manager of Noida Authority. The sector 51-52 and 71-72 intersection was a major traffic congestion point as it witnessed heavy traffic flow from Sector 62 and beyond on one side leading all the way up to the entry point of Ghaziabad, and from Wave city centre metro station to Greater Noida west on the other side. Once ready, the underpass will also benefit the new of Sectors from 74 to 79. It comprises mostly of apartment complexes and group housing societies.

ACS checks Covid vaccine preparedness

NOIDA: Additional chief secretary health Amit Mohan Prasad in an online meeting with district health administration department on Monday took stock of Covid vaccine inoculation preparedness. He said a final decision on the type of vaccine, dosage etc, will be intimated in due time. Till then, at the district level preparation at both booth level and storage facility should be kept ready, directed Prasad during the online meeting. "All preparedness, including site identification, should be kept ready. Senior citizens, pregnant women and children should avoid public places and maintain strict adherence to Covid protocols of mask, social distancing and sanitisation till the vaccine is available," said ACS Prasad in the meeting.

From Jewar to Palwal, protesters stop collection of toll on highways

NOIDA/GHAZIABAD: Farmers overpowered staff at all major toll plazas on the Eastern Peripheral Expressway and NH-34 on Saturday, allowing vehicles to pass without paying fees, as they sought to intensify protests against the three new farm laws. However, they were stopped by the Noida police at Yamuna Expressway's Jewar toll and briefly at the Palwal plaza by Haryana Police. Those protesting at UP Gate also stopped NHAI from charging toll at the toll plazas on Delhi-Meerut Expressway, NH-9 and EPE. At least eight toll plazas of EPE, including Beel Akbarpur, Dasna, Sirsa, Maujpur, Kundli, Baghpat, Duhai and Palwal, and the Luharli toll of NH-34 were made toll free by the protesters, helping thousands of commuters evade toll from as early as 9am till 4pm. A group, led by BKU-Tikait, had reached the Beel

Akbarpur and Sirsa toll plazas of EPE around 9 am, and the same team was later joined by the outfit's youth wing president Gaurav Tikait, who headed towards the Palwal toll plaza. After being stopped by the Haryana cops before the Palwal plaza, the second group had a standoff with the police. They were, however, later allowed to go ahead with the protest. Sunil Pradhan, GB Nagar spokesperson for the outfit, said the Haryana cops were possibly alerted due to the inputs shared by the Noida police, resulting in a verbal clash with the farmers who occupied one carriageway.

Camels used at marriages in Greater Noida, activists seek action

GREATER NOIDA: Camels decked up with accessories being used for rituals at marriages in Greater Noida, have become the latest talk of the town with animal activists calling for a ban on the practice. Days after two camels were caught while being transported to a wedding function in Dankaur area, a video of camels allegedly being used at another wedding function in Dadri area on Thursday has gone viral resulting in the activists calling for an action against those hiring the animals. In the video, the camels -all decked up with accessories- can be seen seated outside the wedding venue in Dadri. The incident pertains to Thursday night when the camels were brought to the wedding being organised at a marriage

home in Dadri. Some onlookers who saw the camels seated outside the venue captured the incident on tape after the groom's side completed the "chadhat ritual." Activists of the local unit of the People for Animals (PFA) have complained against the organisers stating that it was the second such case where camels were used for entertainment at weddings in less than one week. PFA activist Pragati Khanna told TBC that they saw the tweet and flagged it to the police on twitter. "We got to know about the video and asked the police to take action in the case. They have promised action but there is no headway so far," she said. Dadri SHO Rajvir Singh Chauhan told TBC that they are aware of the incident and it was found that the camels were used for the chadat ritual (when the groom sits on a horse traditionally but the locals were using camels instead) at the groom's side. "Information was received and it was not that the camels were being used for entertainment. Some nomadic tribes tend to bring the camels from Rajasthan to UP and the locals hire them for some money. We are looking into the incident," he said.

मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर हो कार्यवाही

गाजियाबाद : कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को जिला पर्यावरण समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर बैठक की अध्यक्षता कर रहीं मुख्य विकास अधिकारी अस्मिता लाल ने जनपद में संचालित निर्माण कार्यों में वायु प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से एनजीटी के नियमों का पालन कराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। पर्यावरण के मानकों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि पर्यावरण अनुकूल बना रहे।

इसके साथ ही जनपदवासियों से वाहन का इस्तेमाल कम करने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी हॉट मिक्स प्लांट का संचालन पर्यावरणीय अधिनियमों तथा आवश्यक जल छिड़काव करते हुए कराना सुनिश्चित कराएं।

क्रेडिट कार्ड से तुर्की में हुई खरीदारी, बैंक से कॉल आने पर पता चला

गाजियाबाद : जालसाजों ने गाजियाबाद में जारी हुए क्रेडिट कार्ड से इस्तांबुल (तुर्की) में खरीदारी कर ली। विदेश में ट्रांजेक्शन होने पर बैंक की ओर से काल आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला तो कार्ड को ब्लाक करा थाना सिहानी गेट में रिपोर्ट दर्ज कराई। नेहरूनगर थर्ड में रहने वाले अशोक कुमार ट्रैवल एजेंसी चलाते हैं। सोमवार को वह दिल्ली से लौट रहे थे। इसी समय उन्हें आरबीएल बैंक से काल आई। कालर ने पूछा कि क्या उन्होंने कोई ट्रांजेक्शन की है, जिस पर उन्होंने इन्कार कर दिया। बैंक की ओर से बताया कि उनके कार्ड से इस्तांबुल में करीब 7200 तुर्किश लीरा (तुर्की की मुद्रा) की ट्रांजेक्शन की गई है।

ईस्टर्न–पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे का 297 करोड़ टोल वसूली का छोड़ा गया ठेका

